Fourteenth Loksabha

Session : 11
Date : 08-05-2007

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title: Need to make HIV test compulsory before marriage.

श्री अनिवाश राय खन्ना (होशियारपुर) : देश आज दो गंभीर बीमारियों से लड़ रहा है। सच तो यह है कि आज का नौजवान नशे की लत के कारण अपनी जवानी नट कर रहा है, दूसरा नशे के कारण अपराध बढ़ रहे हैं। यह एक गंभीर और खतरनाक समस्या है। अगर सरकार यह कानून बनाये कि व्यावसायिक कालेजों में दाखिला लेने से पहले सभी विद्यार्थियों का मादक द्रव्य के सेवन से जुड़ा टैस्ट होगा और रिपोर्ट निगेटिव आने पर ही इन्हें कालेजों में दाखिला मिलेगा तो मैं समझता हूं कि इस समस्या को कुछ हद तक हम रोक सकेंगे।

दूसरी गंभीर समस्या एच.आई.वी. पॉजिटिव केसों में बढ़ोत्तरी के बारे में है। सरकार काफी कदम उठा रही है। अगर सरकार कानून बना कर शादी से पहले होने वाले पति-पत्नी यदि एच.आई.वी. पॉजिटिव हैं तो शादी की अनुमति न दें और शादी को पंजीकृत करने के समय दोनों का एच.आई.वी. टैस्ट की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को अनिवार्य बनाया जाए।